Title : Regarding need to check illegal mining at Aravali Hills near Delhi-Haryana Border.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the House shall take up Matters under Rule 377.

i. Need to check illegal mining at Aravali Hills near

Delhi-Haryana Border

श्री अवतार सिंह भडाना : महोदय, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान दिल्ली-हरियाणा राज्य से लगती अरावली पहाड़ी में चल रहे अवैध खनन की ओर दिलाना चाहता हूं। उच्चतम न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन पर रोक लगा रखी है, लेकिन सारे नियमों को ताक पर रखकर अभी भी अवैध खनन का काम सरायखोरी में बदस्तूर चल रहा है और कोर्ट के आदेश की अवहेलना लगातार जारी है। इसके अलावा अवैध खनन और पेड़ों की कटाई से इस क्षेत्र का पर्यावरण नट होता जा रहा है। पर्यावरण एवं वनों की सुरक्षा के लिए सरकार की नीति है कि अवैध खनन का कार्य बंद किया जाए और ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर पर्यावरण की रक्षा की जाए, ताकि प्रदूषण को रोका जा सके। लेकिन खान माफिया द्वारा कानून की अवहेलना लगातार जारी है।

मेरा केन्द्र सरकार के संबंधित मंत्रालय से अनुरोध है कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का शीघ्र पालन कर अवैध खनन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाये जाएं, ताकि खान माफिया के चंगुल से पर्यावरण को बचाया जा सके।

उपाध्यक्ष महोदय : रिकार्ड में वही जायेगा जो आपने नोटिस आफिस में दिया है और ऑनरेबल स्पीकर साहब के ऑफिस से अप्रूव हुआ है।